## संज्ञा

**1. सुंदरता में कौन सी संज्ञा है?**
(क) भाववाचक
(ख) जातिवाचक
(ग) व्यक्तिवाचक
(घ) समूहवाचक
**Ans - 3**

**2. कौन सा शब्द भाववाचक है?**
(क) सोना
(ख) विद्यालय
(ग) फूल
(घ) पशुता
**Ans - 3**

**3. रमेश ने सुरेश के साथ मित्रता का निर्वाह किया इसम भाववाचक संज्ञा है?**
(क) रमेश
(ख) सुरेश
(ग) मित्रता
(घ) निर्वाह
**Ans -3**

**4. राष्ट्रपति भवन में संज्ञा है?**
(क) व्यक्तिवाचक
(ख) जातिवाचक
(ग) भाववाचक
(घ) समूहवाचक
**Ans -1**

**5. कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा है?**
(क) ऊंचा
(ख) ऊंचाई
(ग) कुशल
(घ) गहरा
**Ans -2**

**6. विशेषण से बना भाव वाचक संज्ञा है?**
(क) कलाई
(ख) महान
(ग) लड़कपन
(घ) ऊंचाई
**Ans -4**

**7. 'बुढ़ापा' शब्द में कौन सी संज्ञा है-**
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(ख) जातिवाचक संज्ञा
(ग) भाववाचक संज्ञा
(घ) समूहवाचक संज्ञा
**Ans -3**

**8. कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?**
(क) मिठाई
(ख) चतुराई
(ग) लड़ाई
(घ) उतराई
**Ans -1**

**9. कौन सा शब्द जातिवाचक संज्ञा नहीं है?**
(क) जवान
(ख) बालक
(ग) सुंदर
(घ) मनुष्य
**Ans -3**

**10. 'बुलाना' से भाववाचक को पहचानिए?**
(क) बुला
(ख) बोलना
(ग) बुलावा
(घ) इनमें से कोई नहीं
**Ans -3**

**11. 'ज्यादती' भाववाचक संज्ञा का विशेषण रूप होगा?**
(क) ज्यादा
(ख) ज्यादे
(ग) ज्यादी
(घ) ज्यादाएं
**Ans -1**

**12. 'ग्रामीण' का संज्ञा रूप है?**
(क) ग्रामीण
(ख) ग्रामी
(ग) ग्राम
(घ) ग्राम्य
**Ans -1**

**13. भाववाचक संज्ञा शब्द कौन-सा है?**
(क) लालिमा
(ख) अनुच्छेद
(ग) निराश
(घ) विवाह
**Ans -3**

**14. 'नदी' संज्ञा का कौन सा भेद है?**
(क) जातिवाचक
(ख) भाववाचक
(ग) व्यक्तिवाचक
(घ) समूहवाचक
**Ans -1**

15. **'रोगी को बहुत घबराहट हो रही थी'। वाक्य में रेखांकित शब्द है;**
(a) संज्ञा (b) क्रिया (c) क्रिया विशेषण (d) अव्यय
**Ans. [a]**



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**16. संज्ञा से बनने वाला क्रिया रूप नहीं है -**
(1) बतियाना
(2) अपनाना
(3) हथियाना
(4) स्वीकारना

**Ans. [2]**

**17. "लड़का" शब्द में कौनसी संज्ञा है?**
**(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा**
**(b) जातिवाचक संज्ञा**
**(c) भाववाचक संज्ञा**
**(d) इनमें से कोई नहीं**
**उत्तर: (b) जातिवाचक संज्ञा**

**18. "मिठास" शब्द में कौनसी संज्ञा है?**
**(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा**
**(b) जातिवाचक संज्ञा**
**(c) भाववाचक संज्ञा**
**(d) इनमें से कोई नहीं**
**उत्तर: (c) भाववाचक संज्ञा**

**19. "ताजमहल" शब्द में कौनसी संज्ञा है?**
**व्यक्तिवाचक संज्ञा**
**जातिवाचक संज्ञा**
**भाववाचक संज्ञा**
**इनमें से कोई नहीं**
**उत्तर: (a) व्यक्तिवाचक संज्ञा**

**20. "क्रोध" शब्द में कौनसी संज्ञा है?**
**(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा**
**(b) जातिवाचक संज्ञा**
**(c) भाववाचक संज्ञा**
**(d) इनमें से कोई नहीं**
**उत्तर: (c) भाववाचक संज्ञा**

**21. "हिमालय" शब्द में कौनसी संज्ञा है?**
**(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा**
**(b) जातिवाचक संज्ञा**
**(c) भाववाचक संज्ञा**
**(d) इनमें से कोई नहीं**
**उत्तर: (a) व्यक्तिवाचक संज्ञा**

## सर्वनाम

**1. संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?**
(1) कारक (2) सर्वनाम
(3) विशेषण (4) क्रिया

*Ans. (2)*

**व्याख्या**- सर्वनाम का अर्थ है- सबका नाम। जो शब्द सबके नामों के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं या हो सकते है। उन्हें सर्वनाम कहते हैं। दूसरे शब्दों में संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। यथा- मैं, तुम, यह, वह, हम, वे, उस, आय आदि शब्द सर्वनाम हैं। जैसे - 'मैं' का प्रयोग सभी व्यक्ति अपने लिए करते हैं, अतः 'मैं' किसी एक का नाम न होकर सबका नाम अर्थात् सर्वनाम है।

**2. "यह घोड़ा अच्छा है" इस वाक्य में 'यह' क्या है?**
(1) संज्ञा (2) सर्वनाम
(3) क्रिया (4) अव्यय

*Ans. (2)*

**3. निम्न में से कौन-सा शब्द सर्वनाम नहीं है ?**
(1) उस (2) में
(3) तुम (4) सड़क

*Ans. (4)*

**4. यह, वह, तुम, आप हैं-**
(1) क्रिया (2) संज्ञा
(3) विशेषण (4) सर्वनाम

*Ans. (4)*

**5. "अपना-अपना सामान उठाओ और चलते बनो" वाक्य में सर्वनाम है-**
(1) अपना-अपना (2) सामान
(3) उठाओ (4) चलते बनो

*Ans. (1)*

**व्याख्या** - 'अपना' शब्द केवल सर्वनाम होता है।

**6. सर्वनाम के भेद होते हैं?**
(1) 3 (2) 4
(3) 5 (4) 6

*Ans. (4)*

**व्याख्या**- सर्वनाम के भेद - सर्वनाम के छः भेद बताए गए हैं-
(1) पुरुषवाचक,
(2) निश्चयवाचक,
(3) अनिश्चयवाचक,
(4) सम्बन्धवाचक,
(5) प्रश्नवाचक,
(6) निजवाचक

**7. किस क्रम में सर्वनाम का भेद नहीं है?**
(1) पुरुषवाचक सर्वनाम
(2) निजवाचक सर्वनाम
(3) सम्बन्ध वाचक सर्वनाम
(4) अस्तित्यवाचक सर्वनाम

*Ans. (4)*

**8. सर्वनाम का प्रकार नहीं है-**
(1) निजवाचक (2) प्रश्नवाचक
(3) गुणवाचक (4) पुरुषवाचक

*Ans. (3)*

**9. 'मोहन प्रकाश जी .... हिन्दी पढ़ाते है।' इस वाक्य में रिक्त स्थान पूर्ति 'अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम से करो।**
(1) मुझे (2) तुम्हें
(3) उन्हें (4) हमें

*Ans. (3)*

**व्याख्या**- पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार का होता है -

(क) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम (First Person) बोलने वाला या लिखने वाला (वक्ता या लेखक) अपने से संबंध रखने वाले जिन सर्वनामों का प्रयोग करता है वे उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते है। यथा - मैं, मेरा, हम, हमारा, मुझको, हमको, मैंने, हमने, मुझे, हमें, मुझसे, हमसें।

(ख) मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम (Second Person) वक्ता या लेखक सुनने वाले या यढ़ने वाले के लिए जिन सर्वनामों का प्रयोग करता है, उन्हें मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। यथा - तू, तुम, तुम्हारा, तुझको, तुमको, तुझे, तुम्हें, आपको, आपलोग, आपसब, आपका।

**मध्यम पुरुष सर्वनाम 'तू' : एक दृष्टि में**

| कारक | एकवचन | बहवचन |
|---|---|---|
| कर्ता | तू, तूने | तुम, तुमने, तुम लोगों ने |
| कर्म | तुझे, तुझको | तुम्हें, तुम लोगों को |
| करण | मुझसे, तेरे द्वारा | तुमसे, तुम्हारे से |
| सम्प्रदान | तुझको,तुझे, तेरे लिए | तुम्हें, तुम्हारे लिए |
| अपादान | तुझसे | तुमसे, तुम लोगों से |
| सम्बन्ध | तेरा, तेरी, तेरे | तुम्हारा, तुम्हारी |
| अपादान | तुझसे | तुमसे, तुम लोगों से |

(ग) अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम (Third Person) वक्ता या लेखक सुनने या पढ़ने वालों के अतिरिक्त अन्य अक्षियों के लिए जिन सर्वनामों का प्रयोग करता हैं उन्हें अन्य पुरुपाचक सर्वनाम कहते हैं। (It +They) वह, वे, उसे, उन्हें, इसें, इसे, उसे, ये, वे, इसनें, उसने, उसका, आप, आपका।

**Trick**- उत्तम कहता, मध्यम सुनता, अन्य की होती बात। विशेष - वह, वे यह शब्दों का प्रयोग भी प्रायः दो सर्वनामों (अन्य पुरुषवाचक तथा निश्चयवाचक) में किया ज्ञाता है। अतः सही सर्वनाम की पहचान के लिए निम्न तरीका काम में लेना चाहिए-

(i) अगर 'संकेतित' पदार्थ इन शब्दों के तुरन्त बाद वाक्य में प्रयुक्त हो रहा है तो वहाँ इन शब्दों को निश्चयवाचक सर्वनाम में मानना चाहिए। जैसे -वह घोड़ा तेज दौड़ता है।

(ii) और यदि संकेतित पदार्थ वाक्य में कहीं पर भी नहीं लिखा गया हो अथवा संकेतित पदार्थ के बीच में अन्य सर्वनाम शब्द लिख दिया गया हो तो वहाँ इन्हें 'अन्य पुरुषवाचक' सर्वनाम में मानना चाहिए। जैसे- वह मेरी पुस्तक है (अन्य पुरुषवाचक)। वह पुस्तक मेरी है ( निश्चयवाचक सर्वनाम)।

**10. पुरुषवाचक सर्वनाम में कितने भेद होते हैं?**

(1) तीन (2) चार
(3) दो (4) पाँच

*Ans. (1)*

**11. पुरुषवाचक सर्वनाम में कौन-सा कथन असत्य है?**

(1) संबंध पुरुषवाचक
(2) उत्तम पुरुषवाचक
(3) मध्यम पुरुषवाचक
(4) अन्य पुरुषवाचक

*Ans. (1)*

**12. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी सर्वनाम पुरुषवाची है?**

(1) हम , तुम, ये, वे, मैं (2) आ, कुछ, जो, यह
(3) जो, कोई, वह स्वयं (4) मैं, तुम, आप, किसी

*Ans, (1)*

**13. उत्तम पुरुष बहुवचन संबंध कारक है?**

(1) तुम्हारा (2) उसका
(3) मेरा (4) हमारा

*Ans. (4)*

**14. किस वाक्य में मध्यमपुरुष सर्वनाम प्रयुक्त हुआ है?**

(1) मैंने अपना काम कर लिया है।
(2) आप गाँव से कब आए?
(3) आपकाज महाकाज।
(4) वह अपने आप चला जाएगा।

*Ans. (2)*

**15. किस वाक्य में मध्यम पुरुष का प्रयोग हुआ है-**

(1) मेरा आना संभव नहीं है।
(2) आप आगे आ जाएँ।
(3) उन्होंने बहुत हुड़दंग मचाया।
(4) उसमें धैर्य नहीं है।

*Ans. (2)*

**16. मध्यम पुरुष सर्वनाम का प्रयोग किस वाक्य में किया गया है?**

(1) आप बीमार हो गये थे?
(2) मैं अपने आप चली जाऊँगी।
(3) वह चली गई।
(4) हम नहीं जाएँगे।

*Ans. (1)*

**17. किस विकल्प में 'मध्यम पुरुष' का प्रयोग हुआ है?**

(1) मैंने
(2) उनसे कहा था कि
(3) अन्य लोगों के साथ-साथ
(4) आपको भी सूचित कर दें

*Ans. (4)*

**18. मध्यम पुरुष का प्रयोग हुआ है-**

(1) अपने से बड़ों का आदर करना चाहिए।
(2) ऐसे समय में आप साथ न दोगे तो और कौन देगा?
(3) यह कार्य मैं आप ही कर लूंगा।
(4) आप भला तो जग भला।

*Ans. (2)*

**व्याख्या** - विकल्प 1 व 3 में निजवाचक, विकल्प 4 में अन्य पुरुष का प्रयोग हुआ है।

**19. 'पुरुषवाचक सर्वनाम' से संबधित वाक्य है**

(1) कल कोई आया था।
(2) यह घर बहुत सुंदर है।

(3) वे लोग कहाँ जा रहे थे?
(4) वह आवश्यक कार्य से अजमेर गया है।

*Ans. (4)*

**व्याख्या** - विकल्प I अनिश्चयवाची सर्वनाम (कोई) है, विकल्प 2 एवं 3 सार्वनामिक विशेषण (यह, वे) है तथा विकल्प 4 में 'वह' अन्य पुरुष वाचक सर्वनाम है।

**20. 'किन-किन का नाम सूची में है? में प्रश्न वाचक सर्वनाम का भाव किस में है ?**

(1) किन-किन (2) सूची
(3) का (4) नाम

*Ans. (1)*

**21. 'शायद कमरे में कोई छिपा हुआ है' इस वाक्य में रेखांकित शब्द है?**

(1) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(2) संबंधवाचक सर्वनाम
(3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(4) निजवाचक सर्वनाम

*Ans. (3)*

**व्याख्या**- अनिश्चयवाचक सर्वनाम (Indefinite Proun)- वे सर्वनाम शब्द जिनसे किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोष नहीं होता बल्कि अनिश्चिय की स्थिति बनी रहती है, उन्हें अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे** - कुछ, कोई, किसी। प्राणियों के लिए 'कोई' किसी' सर्वनाम लगते है तथा पदार्थों के लिए 'कुछ'। उदाहरण - शायद, दरवाजे पर कोई है।

कोई कुछ भी कहे, हमें क्या। नोट : 'कोई' और 'कुछ' के बहुवचन क्रमशः 'किन्हां' और 'कुछ' होते हैं। 'कोई' और किन्ही' का प्रयोग सजीव प्राणियों के लिए तथा 'कुछ' का प्रयोग निर्जीव प्राणियों के लिए होता है। कीड़े-मकोड़े आदि तुछ प्राणियों के लिए भी 'कुछ' का प्रयोग होता है।

**22. अनिश्चयवाचक सर्वनाम है?**

(1) में (2) वह
(3) कोई (4) कौन

*Ans. (3)*

**23. 'कोई' और 'कुछ' निम्न में से क्या है?**

(1) संबंधवाचक सर्वनाम
(2) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(3) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(4) निश्चयवाचक सर्वनाम

*Ans. (3)*

**24. 'किन्हीं' सर्वनाम है-**

(1) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(2) निश्चयवाचक सर्वनाम
(3) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(4) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

*Ans. (1)*

**25. 'घंटी बजी है कोई आया' पंक्ति में कौन-सा सर्वनाम है?**

(1) निजवाचक (2) अनिश्चयवाचक
(3) पुरुपवाचक (4) निश्चयवाचक

*Ans. (2)*

**26. 'कोई आया था,' वाक्य में कौनसा सर्वनाम है?**

(1) प्रश्न वाचक (2) पुरुष वाचक
(3) निश्चय वाचक (4) अनिश्चय वाचक

*Ans. (4)*

**27. अनिश्चयवाचक सर्वनाम से युक्त वाक्य है-**

(1) यह मेरी पुस्तक है।
(2) वह कुछ खा रहा है।
(3) कौन जा रहा है?
(4) जो पढ़ेगा सो परस हो जाएगा।

*Ans. (2)*

**व्याख्या** - • यह मेरी पुस्तक है। ('यह' निश्चयवाचक सर्वनाम, 'मेरी' सार्वनामिक विशेषण)।

- कौन जा रहा है? (प्रश्नवाचक सर्वनाम)
- जो पढ़ेगा सो पास हो जाएगा! ( सम्बन्थवाचक सर्वनाम)

**28. किस वाक्य में अनिश्चयवाचक सर्वनाम है?**

(1) हम किसी से कुछ नहीं कह सकते
(2) हम खुद ही इधर आ गए
(3) मेरा भाई जो तुम्हें मिला था, वह आगे जा रहा है
(4) तुम कॉलेज कब जाओगे

*Ans. (1)*

**व्याख्या**-विकल्प (2) में निजवाचक सर्वनाम, विकल्प (3) में संबंधवाचक सर्वनाम तथा विकल्प (4) में प्रश्नवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है।

**29. 'सामने जो बड़ा महल दिखाई दे रहा है, वह मेरा है' इसमें कौन-सा सर्वनाम है?**

(1) पुरुषवाचक (2) निश्चयवाचक
(3) अनिश्चयवाचक (4) निजवाचक

*Ans. (2)*

**व्याख्या**- निश्चयवाचक सर्वनाम (Demonstratine Prounoun) - किसी निश्चित व्यक्ति या कर्म के लिए प्रयुक्त होने वाले सर्वनाम निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते है इसमें पास या दूर की वस्तु या व्यक्ति की ओर संकेत किया जाता है अतः इसे 'संकेतवाचक सर्वनाम' भी कह देते है। जैसे-यह, ये, वह, उन्हें, इनें, इस, उस, आदि। यह, ये, इनें, इनका' समीप की वस्तुओं के लिए प्रयुक्त होता है। जबकि 'वह, वे, उन्हे, उनका ' दूर की वस्तुओं, व्यक्तियों हेतु घटनाओं के लिए प्रयुक्त होते है। उदाहरण - सामने जो बड़ा-सा घर दिखाई दे रहा है, वह मेरा है।

**30. किस क्रम में निश्चयवाचक सर्वनाम का सही उदाहरण है?**

(1) अरे नालायक! तू इधर क्या कर रहा है


Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

(2) इस पुस्तक को देखा, यह कितनी उपयोगी है
(3) कोई कुछ भी कहे, हमें क्या
(4) आपका शुप नाम क्या है?

*Ans. (2)*

**व्याख्या**- इस पुस्तक को देखा, यह कितनी उपयोगी है। उक्त वाक्य में निश्चित वस्तु के प्रति संकेत किया गया है।

**31. 'वह स्वत: ही जान जाएगा' में 'वह' सर्वनाम है?**
(1) पुरुषवाचक सर्वनाम.
(2) निज वाचक सर्वनाम
(3) सम्बन्ध वाचक सर्वनाम
(4) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

*Ans. (2)*

**व्याख्या**- निजवाचक सर्वनाम वस्तुतः पुरुष्वाचक सर्वनाम का ही एक भेद है परन्तु कुछ विद्वान इसे अलग मानते है।
**निजवाचक सर्वनाम**- वक्ता या लेखक स्वयं अपने लिए (अपनापन प्रकट करने) जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करता है, उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते है। आप, अपने-आप, ख्वत:, खुद, निज आदि प्रमुख निजवाचक सर्वनाम है। उदाहरणतया - वह स्वत: समझ गया। आप भला तो जग भला। ध्यान रहे कि यहाँ प्रयुक्त 'आप' स्वयं के लिए प्रयुक्त है जो कि पुरुषवाचक मध्यम पुरुष आदरणीय सर्वनाम 'आप' से अलग है। यदि 'आप' शब्द अपने की स्थिति को प्रकट करता है तथा अंग्रेजी रूपान्तरण में इसके लिए 'Himselfy Herself/ Myself/ Yourself/ Ourselves/ Themselves' जैसे शब्द प्रयुक्त होते हैं तो वहाँ वह 'निजवाचक सर्वनाम' माना जाता है।

**32. मैं अपना काम स्वयं करता हूँ" में रेखांकित में कौन-सा सर्वनाम है?**
(1) सम्बन्धवाचक (2) पुरुषवाचक
(3) निजवाचक (4) निश्चयवाचक

*Ans. (3)*

**33. किसमें निजवाचक सर्वनाम नहीं है?**
(1) वह अपने आप ही विद्यालय गया
(2) मैं अपना काम स्वर्यं करता हैं
(3) किन-किन का नाम सूची में नहीं आया
(4) वह स्वत: समझ जायेगा।

*Ans. (3)*

**34. किस विकल्प में 'निजवाचक' सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है?**
(1) मैं आप ही चला जार्कंगा।
(2) श्याम अपना खाना युद बना लेता है।
(3) मैं यह कार्य अपने आप कर लूंगा।
(4) आप कहेंगे तो ही बैटूंगा।

*Ans. (4)*

**35. 'अपने से बड़ों का आदर करना उचित है।' वाक्य में रेखांकित शब्द कौनसा सर्वनाम है?**
(1) निश्चयवाचक सर्वनाम
(2) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(3) संबंधवाचक सर्वनाम
(4) निजवाचक सर्वनाम

*Ans. (4)*

**36. 'मैं आप चला जाऊँगा' इस वाक्य में सर्वनाम है-**
(1) निश्चयवाचक
(2) सम्बन्धवाचक
(3) निजवाचक
(4) प्रश्नवाचक

*Ans. (3)*

**37. निजवाचक सर्वनाम का उदाहरण है?**
(1) हम किसी का कुछ नहीं बिगाड़ सकते
(2) हमें अपना काम स्वयं करना चाहिए
(3) जैसा करोगे, वैसा भरोगे
(4) तुम्हारा घर यह नहीं है

*Ans. (2)*

**38. किस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है-**
(1) अपना-अपना कार्य करके ही घर जाना।
(2) यह काम तुम स्वयं कर लो।
(3) आप आगे आ जाएँ
(4) वह अपने आप चला गया।

*Ans. (3)*

**39. किस वाक्य में 'निजवाचक सर्वनाम' का प्रयोग नहीं हुआ है-**
(1) वे अपने आप चले गये।
(2) वह अपने आपको बहुत होशियार समझता है।
(3) में आप लोगों का बहुत आभारी हूँ।
(4) किसान अपने आप में मस्त रहता है।

*Ans. (3)*